भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1879

दिनांक 05 अगस्त, 2025 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

एम्स ऋषिकेश में केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला की स्थापना

1879 # श्री महेंद्र भट्टः

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एम्स ऋषिकेश में केंद्रीय अनुसंधान प्रयोगशाला स्थापित करने का कोई विचार है; और
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के तहत, स्थापित किए गए अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), ऋषिकेश में चिकित्सा अनुसंधान करने के लिए इस संस्थान के छात्रों और संकाय के उपयोग के लिए बहु-विषयक अनुसंधान इकाई (एमआरयू) और वायरल अनुसंधान एवं निदान प्रयोगशाला (वीआरडीएल) सहित उन्नत अवसंरचना और उच्च-स्तरीय उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग द्वारा वित्त पोषित, वीआरडीएल वायरल संक्रमणों के उन्नत निदान और प्रबंधन के लिए सहायता प्रदान करता है और एमआरयू विभिन्न कैंसर और आनुवंशिक रोगों की लक्षित जीनोमिक अनुक्रमण को सक्षम बनाता है। एम्स ऋषिकेश में जैव सुरक्षा प्रयोगशाला-3 की स्थापना को भी अनुमोदन दिया गया है।

*****